Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## दिसंबर भाग-1 2024



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry: +91-87501-87501
Email: care@groupdrishti.in

## प्रश्न

1. **निम्नलिखित शहरों पर विचार कीजिये:**
   1. श्रीनगर
   2. जयपुर
   3. मैसूर

   **उपर्युक्त में से कितनों को "विश्व शिल्प शहर" के रूप में मान्यता दी गई है?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई भी नहीं

2. **उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की व्याख्या से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसमें यह अनिवार्य किया गया है कि किसी उपासना स्थल की धार्मिक पहचान 26 जनवरी, 1950 की स्थिति से अपरिवर्तित बनी रहेगी।
   2. प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उपासना स्थल को इस अधिनियम से छूट दी गई है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. **निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**
   1. उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1940 में जापान में भारत कार्यकारी बोर्ड का गठन किया।
   2. उन्होंने वर्ष 1929 में बर्लिन में विश्व महासंघ की स्थापना की।
   3. उन्हें वर्ष 1932 में "विश्व महासंघ के संपादक" और "अफगानिस्तान के अनौपचारिक दूत" के रूप में नोबेल शांति पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया था।

   **निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपरोक्त विशेषताओं का सर्वोत्तम वर्णन है?**

   A. सुभाष चंद्र बोस
   B. राजा महेंद्र प्रताप सिंह
   C. लाला लाजपत राय
   D. बाल गंगाधर तिलक

4. **सीमा सुरक्षा बल (BSF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. BSF की स्थापना वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा बढ़ाने के लिये की गई थी।
   2. BSF रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है।
   3. यह भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश दोनों सीमाओं की सुरक्षा के लिये ज़िम्मेदार है तथा सर क्रीक और सुंदरबन जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाता है।
   4. BSF प्रतिवर्ष प्रशिक्षित कार्मिकों को तैनात करके संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 1, 3, और 4
   C. केवल 2 और 4
   D. 1, 2, 3, और 4

5. **हॉर्नबिल फेस्टिवल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. हॉर्नबिल फेस्टिवल नगालैंड में अंतर-जनजातीय संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये आयोजित किया जाता है।
   2. यह दिवस हॉर्नबिल पक्षी की भव्यता के उपलक्ष्य में नवंबर के पहले सप्ताह में मनाया जाता है।
   3. हॉर्नबिल पक्षी, जिसके नाम पर इस त्योहार का नाम रखा गया है, नागा जनजातीय नृत्यों, गीतों और लोककथाओं में महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक महत्त्व रखता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2, और 3

6. **भारत निम्नलिखित में से किस संधि/सम्मेलन का सदस्य है?**

A. बुडापेस्ट संधि, 2001

B. पेरिस कन्वेंशन 1998

C. बर्न कन्वेंशन, 1928

D. पेटेंट सहयोग संधि, 1998

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 4

D. 1, 2, 3 और 4

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्लास्टिक, मोनोमर्स नामक दोहराई जाने वाली इकाइयों से बने बहुलक हैं।
2. प्लास्टिक को विघटित होने में 20 से 500 वर्ष तक का समय लग सकता है, जिसके कारण लैंडफिल और प्राकृतिक आवासों में प्लास्टिक अपशिष्ट का विशाल संचय हो जाता है।
3. प्लास्टिक में मौजूद रसायन, जैसे कि बिस्फेनॉल A (BPA), अंत:स्रावी तंत्र को बाधित कर सकते हैं, जो शरीर में हार्मोन को नियंत्रित करता है।
4. दक्षिण अमेरिका प्लास्टिक का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो वैश्विक उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

8. **भारत में बाल श्रम पर अंकुश लगाने की पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 39 में कहा गया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे को किसी भी खतरनाक कार्य में नियोजित नहीं किया जा सकता।
2. संविधान का अनुच्छेद 24 निर्देश देता है कि "श्रमिकों, पुरुषों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य तथा शक्ति के साथ बच्चों के बचपन का दुरुपयोग न किया जाए"।
3. श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय द्वारा पेंसिल (बाल श्रम निषेध हेतु प्रभावी प्रवर्तन मंच) पोर्टल लॉन्च किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

9. **निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. ऐसा माना जाता है कि इसका निर्माण बृहस्पति को समर्पित पूर्व गैलो-रोमन मंदिर के स्थल पर किया गया है।
2. इसका निर्माण 1160 में बिशप मौरिस डी सुली के अधीन शुरू हुआ था।
3. यह अपनी वास्तुशिल्पीय विशेषताओं जैसे रिब वॉल्टिंग और फ्लाइंग बट्रेस के लिये प्रसिद्ध है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी साइट उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छी तरह वर्णित है?**

A. सेंट पीटर्स बेसिलिका

B. नोट्रे डेम कैथेड्रल

C. वेस्टमिंस्टर ऐबी

D. चार्ट्रेस कैथेड्रल

10. **केसलर सिंड्रोम और प्रोजेक्ट NETRA, जो कभी-कभी समाचारों में रहता है, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. साइबर सुरक्षा और डेटा संरक्षण

B. दृष्टि एवं दृष्टि-संबंधी समस्याएँ

C. अंतरिक्ष मलबा और उपग्रह ट्रैकिंग

D. जलवायु परिवर्तन और आपदा लचीलापन

नोट :

**11. भारत में सड़क सुरक्षा की स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्तर पर भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या सबसे कम है।
2. भारत के सभी राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में मृत्यु की संख्या सबसे अधिक है।
3. भारत, सड़क सुरक्षा पर ब्रासीलिया घोषणापत्र (2015) का हस्ताक्षरकर्त्ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**12. भारतीय विवाह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सोरोरेट एक प्रथा है जिसमें मृत व्यक्ति का भाई अपने भाई की विधवा से विवाह कर सकता है।
2. लेविरेट विवाह एक प्रथा है जिसमें एक पुरुष अपनी पत्नी की मृत्यु हो जाने पर उसकी बहन से विवाह कर लेता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**13. वन रैंक वन पेंशन योजना (OROP) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेंशन का निर्धारण रैंक और सेवा अवधि के आधार पर किया जाता है।
2. इसमें पारिवारिक पेंशनभोगियों, युद्ध विधवाओं और विकलांग पेंशनभोगियों के लिये प्रावधान शामिल हैं।
3. उत्तर प्रदेश और पंजाब में OROP लाभार्थियों की संख्या सबसे अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**14. राष्ट्रीय गोकुल मिशन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संतान परीक्षण के माध्यम से बैल उत्पादन के माध्यम से आनुवंशिक योग्यता को बढ़ाता है।
2. शहरी क्षेत्रों में बहुउद्देशीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों की स्थापना को बढ़ावा देना।
3. कामधेनु पुरस्कार देशी मवेशियों और पशुपालकों के उत्कृष्ट प्रबंधन को मान्यता देने के लिये दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**15. भारतीय नौसेना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय नौसेना ने भगवान वरुण के वैदिक आह्वान "शं नो वरुण:" को अपने प्रतीक आदर्श वाक्य के रूप में अपनाया, जिसका अर्थ है "हे वरुण, आप हमारे लिये शुभ रहें।"
2. वर्ष 1971 के युद्ध के दौरान नौसेना के अभियानों के सम्मान में 1972 से 21 अक्तूबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**16. Axiom-4 मिशन (Ax-4) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिये एक निजी अंतरिक्ष उड़ान है, जिसे SpaceX क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान का उपयोग करके Axiom स्पेस द्वारा संचालित किया जाता है।
2. Axiom-4 पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) में अंतरिक्ष पर्यटन जैसी वाणिज्यिक गतिविधियों को सक्षम करने पर केंद्रित है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. ये रे-फिनेड मछली हैं जो एक मीटर तक लंबी हो सकती हैं।
2. वे एक एनाड्रोमस हैं।
3. वे उत्तरी अटलांटिक महासागर बेसिन में पाए जाते हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति उपर्युक्त विशेषताओं का सर्वोत्तम वर्णन है ?**

A. साल्मो सालार

B. इंद्रधनुषी मछली

C. अटलांटिक ब्लूफिन टूना

D. यूरोपीय ईल

**18. सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन ( SWIFT ) प्लेटफॉर्म से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह धन हस्तांतरण के लिये संदेश-आधारित निर्देश की सुविधा प्रदान करता है, लेकिन धन का निपटान स्वयं करता है।
2. इसका नियंत्रण G20 देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा किया जाता है।
3. ईरान और उत्तर कोरिया SWIFT प्लेटफॉर्म से बाहर हो चुके हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**19. अष्टमुडी झील के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केरल में स्थित है, इसे रामसर साइट के रूप में नामित किया गया है, और इसे अक्सर केरल के बैकवाटर्स का प्रवेश द्वार कहा जाता है।
2. अपनी अनूठी आठ भुजाओं वाली आकृति के कारण प्रसिद्ध यह झील पेरियार नदी द्वारा अरब सागर में गिरती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्तर पर नामीबिया में सबसे अधिक चीता हैं तथा चीता स्थानांतरण परियोजना के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीतों को भारत लाया गया।
2. विश्व भर में चीतों के प्रति जागरूकता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस मनाया जाता है ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**21. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **धार्मिक स्थल** | **स्थान** |
|---|---|
| 1. अकाल तख्त | हिमाचल प्रदेश |
| 2. तख्त श्री केशगढ़ साहिब | बिहार |
| 3. तख्त सचखंड श्री हजूर अबचलनगर साहिब | पंजाब |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. सभी तीन युग्म

D. उपर्युक्त में से कोई नही

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डॉ. बी.आर.अम्बेडकर ने बहिष्कृत समुदायों को सशक्त बनाने के लिये वर्ष 1923 में बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की।

2. उन्होंने सामाजिक असमानताओं को चुनौती देने के लिये मूकनायक अखबार की स्थापना की।
3. उन्होंने वर्ष 1932 में पूना समझौते पर संवाद करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**निम्नलिखित में से कौन-सी हस्तियाँ उपरोक्त कथनों से संबंधित हैं?**

A. महात्मा गांधी
B. बी.आर. अंबेडकर
C. सरदार वल्लभभाई पटेल
D. राजेंद्र प्रसाद

**23. मौर्य कला और वास्तुकला से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चन्द्रगुप्त का महल ग्रीको-बैक्ट्रियन वास्तुकला से प्रेरित था।
2. अशोक के स्तंभों पर सिंह और बैल जैसे पशुओं की आकृतियाँ अंकित हैं।
3. स्तूप राजगृह, वैशाली और कपिलवस्तु में पाए जाते हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**24. कभी-कभी समाचारों में चर्चित मिशिगन, ह्यूरन, एरी और ओंटारियो, निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. कनाडा में राष्ट्रीय उद्यान
B. उत्तरी अमेरिका की महान झीलें
C. मेक्सिको की प्रमुख नदियाँ
D. अफ्रीका में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल

**25. सरकारी ऋण उपकरणों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकारी प्रतिभूतियों को रिस्क-फ्री गिल्ट-एज्ड इंस्ट्रूमेंट्स कहा जाता है।
2. केंद्र सरकार ट्रेज़री बिल और बॉण्ड दोनों जारी करती है, जबकि राज्य सरकारें केवल बॉण्ड जारी करती हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**26. रातापानी टाइगर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विंध्य पहाड़ियों में स्थित है और मध्य प्रदेश का पहला नामित बाघ अभयारण्य है।
2. यहाँ 150 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो इसे पक्षी प्रेमियों के लिये स्वर्ग बनाती हैं।
3. इसमें भीमबेटका शैलाश्रय, एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, तथा कई ऐतिहासिक स्थल हैं, जो इस क्षेत्र में सांस्कृतिक मूल्य को दर्शाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**27. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. गांधीजी के **जाति और अस्पृश्यता** के विचारों से प्रभावित थे और उन्होंने सरल जीवन व्यतीत किया।
2. उन्होंने 1920 में स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने के लिये अपना विधिक कॅरियर छोड़ दिया और 1931 में **नमक सत्याग्रह** कारावास का दंड दिया गया।
3. वर्ष 1934 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के बंबई अधिवेशन की अध्यक्षता की और 1939 में सुभाष चन्द्र बोस के इस्तीफे के बाद कॉन्ग्रेस में अध्यक्ष पद ग्रहण किया।
4. वर्ष 1946 में संविधान सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. डॉ. राजेंद्र प्रसाद
B. जवाहर लाल नेहरू
C. मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद
D. इनमे से कोई भी नहीं

नोट :

**28. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना में वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक की 4 वर्ष की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये का परिव्यय है, जिसमें 15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष शामिल हैं।
2. पूर्वोत्तर परिषद (NEC) राज्य सरकारों के परामर्श से परियोजना के चयन, अनुमोदन और निगरानी की देखरेख करेगी।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**29. कभी-कभी समाचारों में चर्चित चीन+1 रणनीति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए गठित एक सैन्य गठबंधन।

B. आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने वाली कंपनियों के लिये एक वैश्विक आर्थिक रणनीति।

C. वैश्विक मामलों में चीनी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिये चीन द्वारा बनाया गया एक राजनीतिक गठबंधन।

D. चीन की इंटरनेट अवसंरचना को बढ़ाने के लिये एक डिजिटल नीति।

**30. भूकंप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पी-तरंगें वह तरंगें हैं जो तीव्र गति से गमन करती हैं तथा ठोस और तरल दोनों परतों से होकर गुजर सकती हैं।
2. बेनिओफ़ क्षेत्र, अभिसारी सीमाओं पर एक अवतल प्लेट के चारों ओर भूकंपीयता का क्षेत्र है, यह पृथ्वी के मेंटल के अंदर तक फैले हुए हैं, जो अवतलन प्लेटों के विस्तार को दर्शाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**31. नेबुलर परिकल्पना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे इमैनुअल कांट ने दिया था और लाप्लास ने संशोधित किया था।
2. इसमें माना गया कि ये ग्रह सूर्य से जुड़े एक पदार्थ के बादल द्वारा निर्मित हैं, जो धीरे-धीरे घूर्णन कर रहा था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**32. अंगामिस, रेंगमास और कोन्याक जनजातियाँ निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित हैं?**

A. ओडिशा

B. नगालैंड

C. छत्तीसगढ़

D. गुजरात

**33. भारत में जल संचयन प्रणालियों से संबंधित निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **संरचना** | **राज्य** |
|---|---|
| पनाम केनी | केरल |
| कुहल्स | हिमाचल प्रदेश |
| ज़ाबो | राजस्थान |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी घाट एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है तथा विश्व में जैवविविधता के आठ "सबसे अधिक आकर्षण केंद्रों" में से एक है।
2. पश्चिमी घाट में उभयचर प्रजातियाँ निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और चिट्रिडिओमाइकोसिस जैसी बीमारियों के कारण संकट में हैं।
3. पश्चिमी घाट के लैटेराइट पठार कार्बन से समृद्ध हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**35. नाइंटी ईस्ट रिज के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. नाइंटी ईस्ट रिज एक भूकंपीय रिज है जो 90 डिग्री अक्षांश पूर्व के साथ संरेखित है, जिससे हिंद महासागर पश्चिमी और पूर्वी भागों में विभाजित होता है।
2. इस रिज का निर्माण इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के केर्गुएलन हॉटस्पॉट के ऊपर से गुजरने के कारण हुआ।
3. यह पर्वतमाला मुख्य रूप से ओसियन आईलैंड थोलेइट्स से बनी है, जो एक प्रकार की उप-क्षारीय बेसाल्ट चट्टान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**36. इंडियन स्टार टॉरटॉइज़ के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय उपमहाद्वीप का स्थानिक होने के साथ उत्तर-पश्चिमी भारत, दक्षिण भारत तथा श्रीलंका के शुष्क घास के मैदानों एवं सवाना क्षेत्रों में मिलता है।
2. इसे IUCN रेड लिस्ट के अंतर्गत सुभेद्य श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**37. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. मानवाधिकार दिवस प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसमें न्याय, शांति और समानता के आधार के रूप में मानवाधिकारों के महत्त्व पर प्रकाश डाला जाता है।
2. वर्ष 2006 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद अपने 47 सदस्य देशों के माध्यम से वैश्विक मानवाधिकार संरक्षण को बढ़ावा देती है।
3. भारत संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का सदस्य नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**38. चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिंद महासागर क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा के जवाब में गठित क्वाड को एक दशक की निष्क्रियता के बाद वर्ष 2017 में पुनर्जीवित किया गया था।
2. क्वाड के पास एक औपचारिक संगठनात्मक संरचना और एक स्थायी निर्णय लेने वाला निकाय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**39. हाल ही में समाचारों में रही परियोजना NAMAN और SAMBANDH निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. ग्रामीण युवाओं के लिये डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम
B. रक्षा प्रतिष्ठानों में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ
C. भारतीय सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों का कल्याण
D. आपदा प्रभावित क्षेत्रों का पुनर्वास

**40. मृत्युदंड और दया याचिका से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का संविधान स्पष्ट रूप से मृत्युदंड को असंवैधानिक घोषित नहीं करता है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 70 के अंतर्गत कोई भी अपराधी भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका प्रस्तुत कर सकता है।

3. राष्ट्रपति को उन सभी मामलों में क्षमा प्रदान करने का अधिकार है जहाँ सज़ा सेना न्यायालय द्वारा दी गई हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**41. भारत में धर्मार्थ संगठनों को नियंत्रित करने वाले कानूनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. **आयकर अधिनियम, 1961** धर्मार्थ दान के लिये **कर छूट** प्रदान करने के साथ "धर्मार्थ उद्देश्यों" को परिभाषित किया गया है।
2. भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 सार्वजनिक और निजी दोनों ट्रस्टों सहित धर्मार्थ ट्रस्टों को नियंत्रित करता है।
3. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 विदेशी धन प्राप्त करने वाले धर्मार्थ संगठनों हेतु पंजीकरण अनिवार्य करता है, ताकि उनका उपयोग वैध, गैर-राजनीतिक उद्देश्यों के लिये सुनिश्चित किया जा सके।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**42. ग्लेशियल झीलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड बढ़ते तापमान के कारण तीव्रता से ग्लेशियर पिघलने के कारण होती है।
2. जलवायु परिवर्तन के कारण हिमनदों के पीछे हटने के कारण हिन्दू कुश हिमालय में हिमनद झीलों में वृद्धि देखी जा रही है।
3. सिक्किम के उत्तर-पश्चिम में 17,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक झील, लगातार बारिश के परिणामस्वरूप टूट गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**43. राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और कई अन्य देशों के सिविल सेवकों को शासन सुधार, डिजिटल इंडिया और सतत् विकास लक्ष्य के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करता है।
2. श्रीलंकाई सिविल सेवकों के लिये क्षमता निर्माण कार्यक्रम का छठा संस्करण नई दिल्ली स्थित NCGG में आयोजित किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**44. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| फ्लोरोकेमिकल | ओज़ोन क्षरण क्षमता | ग्लोबल वार्मिंग की संभावना |
|---|---|---|
| **क्लोरो** | उच्च | उच्च |
| **हाइड्रोफ्लोरोकार्बन** | उच्च | उच्च |
| **हाइड्रोफ्लोरोओलेफिन** | शून्य | बहुत कम |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**45. ecDNA से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तब बनता है जब DNA के कुछ हिस्से गुणसूत्रों से अलग हो जाते हैं।
2. यह सामान्यत: कैंसर कोशिकाओं में पाया जाता है।
3. यह ऑन्कोजीन की कई प्रतियाँ हो सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**46. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1930 में दांडी मार्च के दौरान उन्होंने मद्रास प्रांत में तिरुचि से वेदारण्यम तक नमक मार्च का नेतृत्व किया।
2. वह वर्ष 1947 में स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल थे।
3. उन्होंने रामायण का तमिल अनुवाद किया, जिसका शीर्षक चक्रवर्ती थिरुमगन था।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विशेषताओं का सर्वोत्तम वर्णन है?**

A. सी. राजगोपालाचारी
B. वी. ओ. चिदंबरम पिल्लई
C. पी. सुब्बारायण
D. सरदार वल्लभभाई पटेल

**47. INS तुशील से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फ्राँस द्वारा डिजाइन की गई परियोजना 1135.6 का उन्नत क्रिवाक III श्रेणी का फ्रिगेट है।
2. यह ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों से सुसज्जित है।
3. इसे वायु, सतह, जल के नीचे और विद्युत चुंबकीय आयामों में ब्लू वाटर ऑपरेशन के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**48. उपकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपकर एक प्रकार का कर है जो किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिये लगाया जाता है। यह कर पर कर है, जो उत्पाद शुल्क या आयकर जैसे मौजूदा कर के अतिरिक्त लगाया जाता है।
2. यह आमतौर पर एक विशिष्ट समयावधि के लिये लगाया जाता है, या जब तक सरकार निर्दिष्ट उद्देश्य के लिये पर्याप्त धनराशि एकत्र नहीं कर लेती।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**49. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RBI अधिनियम, 1934 की धारा 7 सरकार, RBI अधिनियम की धारा 7 के तहत, सार्वजनिक हित में RBI को निर्देश दे सकती है।
2. RBI बॉण्ड से आय अर्जित करता है, लेकिन कोई अधिशेष नहीं रख सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लेसन अल्बाट्रॉस एक बड़ा पक्षी है जो अपनी गतिशील उड़ान क्षमता के लिये जाना जाता है और इसका औसत जीवनकाल 68 वर्ष है।
2. स्नोई अल्बाट्रॉस या वांडरिंग अल्बाट्रॉस (Diomedea exulans) पंखों के फैलाव के संदर्भ में सबसे बड़ा उड़ने वाला समुद्री पक्षी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**51. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह एशिया और यूरोप के बीच, काकेशस पर्वतमाला के पूर्व में स्थित है
2. यह प्रागैतिहासिक समुद्र का एक हिस्सा था जिसे पैराटेथिस के नाम से जाना जाता था।
3. यह चारों ओर से स्थल से घिरा हुआ है तथा इसका समुद्र से कोई सीधा संपर्क नहीं है।

नोट :

**निम्नलिखित में से कौन-सा जल निकाय उपर्युक्त विशेषताओं का सर्वोत्तम वर्णन है:**

A. भूमध्य सागर

B. काला सागर

C. कैस्पियन सागर

D. अराल सागर

**52. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| पर्वत प्रकार | पर्वत |
|---|---|
| ज्वालामुखी पर्वत | हिमालय |
| वलित पर्वत | एंडीज |
| ब्लॉक पर्वत | सियरा नेवादा |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**53. अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस के सबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्वतीय क्षेत्रों में सतत् विकास और जैव विविधता के महत्त्व पर जोर देने के लिये संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2003 में अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस की स्थापना की गई थी।
2. विषय 2024: "एक सतत् भविष्य के लिये पर्वतीय समाधान - नवाचार, अनुकूलन और युवा"।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**54. भारत में विशेष अनुमति याचिका (SLP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारत में किसी भी न्यायालय या न्यायाधिकरण के किसी भी निर्णय, डिक्री या आदेश के विरुद्ध SLP दायर की जा सकती है, जिसमें सशस्त्र बलों से संबंधित मामले भी शामिल हैं।
2. सर्वोच्च न्यायालय को संविधान के अनुच्छेद 136 के अंतर्गत अपील के लिये विशेष अनुमति देने या अस्वीकार करने का विवेकाधीन अधिकार प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**55. जीन थेरेपी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जीन थेरेपी का उद्देश्य रोगी की कोशिकाओं की आनुवंशिक सामग्री को संशोधित करके रोगों का इलाज करना है।
2. जीन प्रतिस्थापन चिकित्सा में रोग की प्रगति को रोकने के लिये दोषपूर्ण जीन की अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता है।
3. CRISPR-Cas9 जैसी जीन संपादन तकनीकें आनुवंशिक सामग्री में सटीक संशोधन की अनुमति देती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (B) | 3. (B) | 4. (B) | 5. (B) | 6. (C) | 7. (C) | 8. (A) | 9. (B) | 10. (C) |
| 11. (A) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (B) | 15. (A) | 16. (C) | 17. (A) | 18. (A) | 19. (A) | 20. (C) |
| 21. (C) | 22. (B) | 23. (B) | 24. (B) | 25. (C) | 26. (B) | 27. (A) | 28. (A) | 29. (B) | 30. (C) |
| 31. (C) | 32. (B) | 33. (B) | 34. (A) | 35. (C) | 36. (C) | 37. (B) | 38. (A) | 39. (C) | 40. (B) |
| 41. (C) | 42. (C) | 43. (C) | 44. (B) | 45. (C) | 46. (A) | 47. (B) | 48. (C) | 49. (A) | 50. (C) |
| 51. (C) | 52. (B) | 53. (C) | 54. (B) | 55. (A) | | | | | |

नोट :

## हल

**1. C**

**व्याख्या:**

- **विश्व शिल्प परिषद ( AISBL ) ( WCC-इंटरनेशनल ) द्वारा WCC-विश्व शिल्प शहर कार्यक्रम** के तहत वर्ष 2014 में आरंभ की गई "विश्व शिल्प शहर" पहल, शिल्प के माध्यम से सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान के लिये शहरों को मान्यता देती है।
  - **वर्ष 1964 में एक गैर-लाभकारी संगठन** के रूप में स्थापित WCC AISBL का उद्देश्य सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन में शिल्प की स्थिति को बढ़ाना और समर्थन एवं मार्गदर्शन के माध्यम से शिल्पियों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देना है।
  - **श्रीनगर ( जम्मू और कश्मीर ), जयपुर ( राजस्थान ), मामल्लपुरम ( तमिलनाडु ) और मैसूर ( कर्नाटक ) को** WCC द्वारा विश्व शिल्प शहरों के रूप में मान्यता दी गई है। **अत: विकल्प C सही है।**

**2. B**

**व्याख्या:**

- **उपासना स्थल** (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 का उद्देश्य15 अगस्त, 1947 की तरह उपासना स्थलों की धार्मिक स्थिति को संरक्षित रखना तथा **विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के बीच या एक ही संप्रदाय** के भीतर धर्मांतरण को रोकना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह इस तिथि से पहले के धर्मांतरण से संबंधित सभी कानूनी कार्यवाहियों को समाप्त कर देता है तथा नए मामलों को रोकता है।
- यह अधिनियम **अयोध्या विवाद ( बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि ),** जिसे अधिनियम से छूट दी गई। अयोध्या विवाद के अलावा अधिनियम में निम्नलिखित को भी छूट दी गई है: कोई भी उपासना स्थल जो प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक है, या **प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958** के अंतर्गत आने वाला कोई पुरातात्त्विक स्थल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- उल्लंघन करने पर तीन वर्ष तक के कारावास और जुर्माने सहित दंड का प्रावधान है।

**3. B**

**व्याख्या:**

- **राजा महेंद्र प्रताप सिंह ( 1886-1979 )** एक स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी और समाज सुधारक थे।
- उन्होंने **द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान वर्ष 1940 में जापान में भारत कार्यकारी बोर्ड** का गठन किया।
- उन्होंने वर्ष 1915 में प्रथम विश्व युद्ध के मध्य काबुल में "भारत की अंतरिम सरकार (बाग-ए-बाबर)" की स्थापना की।
- वर्ष 1929 में महेंद्र प्रताप ने बर्लिन में वर्ल्ड फेडरेशन की स्थापना की, जिसका आगे चलकर संयुक्त राष्ट्र के गठन पर प्रभाव पड़ा।
- **वर्ष 1932 में नोबेल शांति पुरस्कार** के लिये नामांकित किया गया तथा उन्हें "हिंदू देशभक्त", **"विश्व महासंघ के संपादक" और "अफगानिस्तान के अनौपचारिक दूत" के रूप में मान्यता दी गई थी।**

**अत: विकल्प B सही है।**

**4. B**

**व्याख्या:**

**सीमा सुरक्षा बल ( BSF ):**

- BSF की स्थापना वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा बढ़ाने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - BSF में एक **एयर विंग, मरीन विंग, एक तोपखाना रेजिमेंट** और **कमांडो इकाइयाँ** हैं।
  - यह **गृह मंत्रालय** के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- लगभग **2.6 लाख कर्मियों** वाला BSF बल **भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा, भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा, नियंत्रण रेखा ( LoC )** पर भारतीय सेना के साथ और **नक्सल विरोधी अभियान** क्षेत्रों में तैनात है।
- BSF जलयानों के आधुनिक बेड़े का उपयोग करते हुए **अरब सागर में** सर क्रीक और बंगाल की खाड़ी में सुंदरवन डेल्टा जैसे क्षेत्रों की सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

- इसके अतिरिक्त इसके द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न वैश्विक स्थानों पर प्रशिक्षित कार्मिकों को तैनात करके **संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन** में भूमिका निभाई जाती है। **अत: कथन 4 सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

5. B

**व्याख्या:**

- **हॉर्नबिल फेस्टिवल/हॉर्नबिल महोत्सव नगालैंड** में अंतर-जनजातीय संपर्क को प्रोत्साहित करने हेतु मनाया जाता है। यह राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये **नगालैंड की राज्य सरकार** द्वारा आयोजित सबसे बड़े **स्वदेशी त्योहारों** में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **त्योहार** नागा विरासत की विशिष्टता और समृद्धि को संरक्षित, सुरक्षित तथा पुनर्जीवित करने के लिये **प्रतिवर्ष दिसंबर के पहले सप्ताह** में मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस त्योहार को नगालैंड में **"त्योहारों का त्यौहार" माना जाता है।**
- **इस त्योहार का नाम हॉर्नबिल** पक्षी के नाम पर रखा गया है जो नागा लोगों के लिये सबसे अधिक **पूजनीय और प्रशंसनीय** पक्षी है।
  - यह त्योहार इस पक्षी को श्रद्धांजलि है, जो अपनी भव्यता और सतर्कता के गुणों के लिये जाना जाता है।
  - यह पक्षी नागाओं के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन से भी निकटता से जुड़ा हुआ है, जैसा कि विभिन्न आदिवासी नृत्यों, गीतों और लोककथाओं में परिलक्षित होता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- हॉर्नबिल फेस्टिवल **जनजातीय लोगों की संस्कृति और परंपरा को उजागर करता है** तथा नगालैंड की पहचान को मज़बूत करता है।

  **अत: विकल्प B सही है।**

6. D

**व्याख्या:**

- **भारत IPR से संबंधित निम्नलिखित महत्वपूर्ण विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)** द्वारा प्रशासित अंतर्राष्ट्रीय संधियों और सम्मेलनों का सदस्य है:
  - पेटेंट प्रक्रिया के प्रयोजनों के लिये सूक्ष्मजीवों के भंडार की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता पर **बुडापेस्ट संधि, 2001**
  - औद्योगिक संपत्ति के संरक्षण के लिये **पेरिस कन्वेंशन 1998**
  - साहित्यिक और कलात्मक कार्यों के संरक्षण के लिये **बर्न कन्वेंशन, 1928**
- **पेटेंट सहयोग संधि, 1998**
- चिह्नों के अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण से संबंधित मैड्रिड समझौते से संबंधित प्रोटोकॉल, 2013

  **अत: विकल्प D सही है।**

7. C

**व्याख्या:**

**प्लास्टिक:**

- **प्लास्टिक एक प्रकार का बहुलक** है जो मोनोमर्स नामक दोहराई जाने वाली इकाइयों से बना होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बहुलक एक बड़ा अणु होता है जो कई छोटे मोनोमर्स को रासायनिक रूप से एक साथ जोड़कर बनाया जाता है।
- प्लास्टिक को विघटित होने में 20 से 500 वर्ष तक का समय लग सकता है, जिसके कारण लैंडफिल और प्राकृतिक आवासों में प्लास्टिक अपशिष्ट का विशाल संचय हो जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्लास्टिक में मौजूद रसायन, जैसे कि **बिस्फेनॉल A (BPA), अंत:स्रावी तंत्र** को बाधित कर सकते हैं, जो शरीर में हार्मोन को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **एशिया प्लास्टिक का सबसे बड़ा उत्पादक है,** जो वैश्विक उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा है। उत्तरी अमेरिका और यूरोप क्रमश: 19% और 15% के साथ दूसरे स्थान पर हैं। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

8. A

**व्याख्या:**

- **बाल श्रम रोकने हेतु अन्य पहल:**
  - बाल श्रम: संवैधानिक और विधिक प्रावधान:
    - **अनुच्छेद 24** में प्रावधान है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे को किसी भी खतरनाक कार्य में नियोजित नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- **अनुच्छेद 39 में प्रावधान है कि** "श्रमिकों, पुरुषों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य तथा शक्ति के साथ बच्चों के बचपन का दुरुपयोग न किया जाए"। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009)
- बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986
- कारखाना अधिनियम (1948)
- राष्ट्रीय बाल श्रम नीति (1987)
- श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय द्वारा बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2017 में PENCiL **(बाल श्रम निषेध हेतु प्रभावी प्रवर्तन मंच)** पोर्टल लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**9. B**

**व्याख्या:**

- नोट्रे डेम कैथेड्रल एक **मध्ययुगीन कैथोलिक कैथेड्रल** है जो फ्राँस के **पेरिस में सीन नदी** के एक द्वीप पर स्थित है। यह कैथेड्रल **वर्जिन मैरी को समर्पित** है और इसे फ्रेंच गोथिक वास्तुकला के बेहतरीन उदाहरणों में से एक माना जाता है।
- यह एक **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** है। ऐसा माना जाता है कि **नोट्रे-डेम का निर्माण बृहस्पति को समर्पित एक पूर्व गैलो-रोमन मंदिर** के स्थल पर किया गया था। फ्राँस में ईसाई धर्म के आगमन के बाद, उसी स्थल पर चार चर्च बनाए गए। नोट्रे-डेम का **निर्माण** 1160 **में बिशप मौरिस डी सुली के अधीन शुरू हुआ** और 1260 तक इसका अधिकांश निर्माण पूरा हो गया।
- इसमें **काँटों का पवित्र मुकुट रखा गया है जो यीशु के क्रूस/सूली पर चढ़ने** से प्राप्त **पवित्र अवशेषों** में सबसे कीमती वस्तु है - इसके साथ ही इसके अवशेषों में **क्रूस का एक टुकड़ा** जिस पर उन्हें कीलों से ठोंका गया था तथा एक कील भी शामिल है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**10. C**

**व्याख्या:**

- **प्रोजेक्ट नेत्र** अंतरिक्ष मलबे और अन्य खतरों का पता लगाने के लिये एक पूर्व चेतावनी प्रणाली है। इसका उद्देश्य भारतीय उपग्रहों को टकराव से बचाना है।
    - यह प्रणाली अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता (SSA) पर भारत के बढ़ते फोकस को दर्शाती है।
- दूसरी ओर, **केसलर सिंड्रोम एक सैद्धांतिक परिदृश्य है, जहाँ अंतरिक्ष मलबे का संचय एक महत्त्वपूर्ण सीमा तक पहुँच जाता है**, जिससे टकरावों की एक शृंखला शुरू हो जाती है।
- **केसलर सिंड्रोम:** अंतरिक्ष में वस्तुओं और मलबे की बढ़ती संख्या से केसलर सिंड्रोम उत्पन्न हो सकता है, जिसमें **कक्षा में मलबे का घनत्व बढ़ जाता है, जिससे टकराव** तथा **मलबे के और अधिक** निर्माण की संभावना बढ़ जाती है।
    - प्रत्येक टक्कर से अधिक मलबा उत्पन्न होता है, जिससे आगे और अधिक टक्करों की संभावना बढ़ती है तथा पृथ्वी की निचली कक्षा के अनुपयोगी हो जाने की संभावना बढ़ जाती है।
    - उदाहरण के लिये वर्ष 2009 में एक निष्क्रिय रूसी उपग्रह एक अमेरिकी जलवायु उपग्रह से टकरा गया, जिससे हज़ारों मलबे के टुकड़े उत्पन्न हुए।
- इस प्रकार, **दोनों शब्द अंतरिक्ष मलबे द्वारा उत्पन्न चुनौतियों से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं** तथा ऐसे जोखिमों को कम करने के लिये प्रोजेक्ट नेत्र जैसे वैश्विक और राष्ट्रीय प्रयासों के महत्त्व को उजागर करते हैं।

**अतः विकल्प C सही है।**

**11. A**

**व्याख्या:**

**भारत में सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति**

- **कुल दुर्घटनाएँ और मौतें:**
    - भारत में **सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या विश्व स्तर पर सबसे अधिक है,** यहाँ **प्रति 10,000 किमी पर 250 मौतें होती हैं,** जो संयुक्त राज्य अमेरिका (57), चीन (119) और ऑस्ट्रेलिया (11) की तुलना में अधिक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - वर्ष 2023 में भारत में **4.80 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएँ दर्ज़ की गई हैं,** जिसके परिणामस्वरूप **1.72 लाख से अधिक मौतें हुईं,** जो वर्ष **2022** में 1.68 लाख मौतों की तुलना में **2.6% की वृद्धि को दर्शाता है।**

- **क्षेत्रीय असमानताएँ:**
- **भारत में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों की संख्या सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में है।**
    - वर्ष 2023 में, UP में 44,000 दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें 23,650 मौतें हुईं, जिनमें 1,800 नाबालिग, 10,000 पैदल यात्री और दोपहिया वाहन उपयोगकर्त्ता शामिल थे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **सड़क सुरक्षा के लिये वैश्विक पहल:**
- **सड़क सुरक्षा पर ब्रासीलिया घोषणा (2015):** इस घोषणा का उद्देश्य **सतत् विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goal- SDG) 3.6 को प्राप्त करना है,** जिसका लक्ष्य वर्ष **2030 तक** सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली **वैश्विक मौतों और चोटों में 50% की कमी** लाना है।
- भारत ने इस **पर वर्ष 2015 में हस्ताक्षर** किये थे। **अतः कथन 3 सही है।**

12. D

**व्याख्या:**

**हाल ही में एक अंग प्रत्यारोपण के लिये DNA प्रोफाइलिंग के दौरान, यह पता चला कि एक पिता अपने बेटे का जैविक माता-पिता नहीं था, जिससे लेविरेट विवाह का मामला सामने आया।**

- **लेविरेट:** लेविरेट विवाह एक प्रथा है जिसमें **मृतक (या शारीरिक रूप से अक्षम) व्यक्ति का भाई अपने भाई की विधवा** से विवाह कर सकता है, जिससे वंश की निरंतरता सुनिश्चित होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - भारत में **संथाल** और **मुंडा** सहित कई जनजातियों द्वारा इसका अभ्यास किया जाता रहा है।
    - **वैदिक काल** में **नियोग** प्रथा प्रचलित थी, जिसमें छोटे भाई या संबंधी द्वारा **बड़े भाई की विधवा** से विवाह किया जाता था, लेकिन **बाद में गुप्त काल** और उससे पहले के काल में इसे **प्रतिबंधित** कर दिया गया।
- **सोरोरेट** एक प्रथा है जिसमें एक पुरुष अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद उसकी बहन से विवाह करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

13. C

**व्याख्या:**

- वन रैंक वन पेंशन योजना (OROP) यह सुनिश्चित करता है कि **एक ही रैंक पर सेवानिवृत्त होने वाले सभी सशस्त्र बलों के कर्मियों को** उनकी **सेवानिवृत्ति तिथि की परवाह किये बिना समान पेंशन मिले।** उदाहरण के लिये, वर्ष 1980 में सेवानिवृत्त होने वाले जनरल को वर्ष 2015 में सेवानिवृत्त होने वाले जनरल के समान पेंशन मिलेगी।
- **पेंशन का निर्धारण रैंक और सेवा की अवधि के आधार पर किया जाता है,** जिससे सेवानिवृत्त लोगों के बीच निष्पक्षता सुनिश्चित होती है, साथ ही उन लोगों को भी सुरक्षा मिलती है जो पहले से ही औसत से अधिक राशि प्राप्त कर रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- OROP संशोधनों को लागू करने की अनुमानित लागत लगभग **8,450 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष** है।
- **इस योजना से 25.13 लाख से अधिक सशस्त्र बल पेंशनभोगी** और उनके परिवार लाभान्वित होंगे।
- इसमें **पारिवारिक पेंशनभोगियों, युद्ध विधवाओं और विकलांग पेंशनभोगियों** के लिये प्रावधान शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- सेवारत कर्मियों के वेतन और पेंशन में होने वाले बदलावों को ध्यान में रखते हुए **प्रत्येक पाँच वर्ष में पेंशन का पुनर्निर्धारण** किया जाएगा। पहला संशोधन **1 जुलाई 2019** को हुआ था।
- **उत्तर प्रदेश और पंजाब** में OROP लाभार्थियों की संख्या सबसे अधिक है। **अतः कथन 3 सही है।**

14. B

**व्याख्या:**

- इसे दिसंबर 2014 से स्वदेशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिये लागू किया गया है।
    - यह योजना 2400 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ वर्ष 2021 से 2026 तक एकछत्र योजना **राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना** के तहत भी जारी है। RGM का उद्देश्य गोजातीय उत्पादकता को बढ़ावा देना, उच्च गुणवत्ता वाले प्रजनन को बढ़ावा देना, **कृत्रिम गर्भाधान (Artificial Insemination- AI)** सेवाओं को मजबूत करना है।

नोट :

- मिशन **संतान परीक्षण, वंशावली चयन और जीनोमिक चयन** तथा **जर्मप्लाज़्म आयात** के माध्यम से **बैल उत्पादन के माध्यम से आनुवंशिक योग्यता** को बढ़ाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- देश भर में कृत्रिम गर्भाधान तक पहुँच बढ़ाने के लिये **ग्रामीण भारत में बहुउद्देशीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों (MAITRIs)** की स्थापना को बढ़ावा देना। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रमुख पहलों में गोकुल ग्राम, किसान पुरस्कार, राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केंद्र, ई-पशु हाट जैसे ई-मार्केट पोर्टल और आनुवंशिक सुधार के लिये राष्ट्रीय गोजातीय जीनोमिक केंद्र शामिल हैं।
- गोपाल रत्न पुरस्कार और **कामधेनु पुरस्कार** देशी मवेशियों और पशुपालकों के उत्कृष्ट प्रबंधन को मान्यता देने के लिये दिया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**15. A**

**व्याख्या:**

**भारतीय नौसेना:**

- **1 मई, 1830** को **ईस्ट इंडिया कंपनी** ब्रिटिश क्राउन के अधीन आ गई और उसे सैन्य बल का दर्जा प्राप्त हुआ, जिससे वह भारतीय नौसेना बन गई। वर्ष 1858 में इसका नाम बदलकर हर मैजेस्टीज़ इंडियन नेवी (Her Majesty's Indian Navy) कर दिया गया।
- भारतीय नौसेना ने भगवान वरुण के वैदिक आह्वान **"शं नो वरुण:" को** अपने प्रतीक आदर्श वाक्य के रूप में अपनाया, जिसका अर्थ है **"हे वरुण, आप हमारे लिये शुभ रहें।" अत: कथन 1 सही है।**
- **21 अक्तूबर 1944** को पहली बार नौसेना दिवस मनाया गया। **वर्ष 1972** से, **नौसेना दिवस 4 दिसंबर** को **अरब सागर, बंगाल की खाड़ी** और कराची बंदरगाह मिसाइल हमले में **वर्ष 1971 के सफल नौसैनिक अभियानों** के सम्मान में और युद्ध शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**16. C**

**व्याख्या:**

- **Axiom-4 मिशन (Ax-4) अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिये** एक निजी अंतरिक्ष उड़ान है, **जिसे Axiom स्पेस** (अमेरिका स्थित अंतरिक्ष अवसंरचना विकास कंपनी) द्वारा संचालित किया जाता है **तथा SpaceX क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान (SpaceX Crew Dragon spacecraft) का उपयोग** किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - SpaceX क्रू ड्रैगन एक पुन: प्रयोज्य अंतरिक्ष यान है जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाता है।
  - यह **Axiom मिशन 1, 2 और 3** के बाद राष्ट्रीय **राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (National Aeronautics and Space Administration- NASA) के सहयोग से की गई चौथी उड़ान है।**
- **वाणिज्यिक अंतरिक्ष पहल:** Axiom-4 **पृथ्वी की निचली कक्षा (Low Earth Orbit- LEO)** में **अंतरिक्ष पर्यटन जैसी वाणिज्यिक गतिविधियों** को सक्षम करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य **व्यवसाय और अनुसंधान** के लिये मंच के रूप में **वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशनों की व्यवहार्यता** को प्रदर्शित करना है।

**17. A**

**व्याख्या:**

- अटलांटिक सैल्मन (Salmo salar- सल्मो सालार) **रे-फिनेड वाली मछली** है जो एक मीटर तक लंबी हो सकती है।
- यह एक **एनाड्रोमस हैं**, जिसका अर्थ है कि वे ताज़े और खारे पानी दोनों में रहते हैं।
- वे उत्तरी अटलांटिक महासागर बेसिन में पाए जाते हैं। अटलांटिक सैल्मन की आबादी में 23% (वर्ष 2006-2020) की कमी आई, जिससे वे **कम चिंता वाले क्षेत्र** से खतरे के करीब पहुँच गए।

**अत: विकल्प A सही है।**

**18. A**

**व्याख्या:**

- **सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (SWIFT)** विश्व भर के बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिये एक विश्वसनीय संदेश प्रणाली है।

- इसकी स्थापना वर्ष 1973 में हुई थी और इसका मुख्यालय बेल्जियम में है।

- यह पैसे का लेन-देन स्वयं नहीं करता है, लेकिन विशेष प्रकार की निधि का लेन-देन कैसे करना है, इसके लिये निर्देशात्मक संदेश प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह G10 देशों के केंद्रीय बैंकों, यूरोपीय सेंट्रल बैंक और नेशनल बैंक ऑफ बेल्जियम द्वारा नियंत्रित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- स्विफ्ट से पहले अंतर्राष्ट्रीय फंड ट्रांसफर के लिये संदेश पुष्टिकरण का एकमात्र विश्वसनीय साधन टेलेक्स था। ईरान और उत्तर कोरिया पहले ही SWIFT प्लेटफॉर्म से बाहर हो चुके हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**19. A**

**व्याख्या:**

- **अष्टमुडी झील:**
  - **केरल के कोल्लम ज़िले** में स्थित निर्दिष्ट रामसर स्थल, **'बैकवाटर' पारिस्थितिकी तंत्र** का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है और इसे अक्सर केरल के 'बैकवाटर का प्रवेश द्वार' कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - 170 वर्ग किलोमीटर में फैले इस द्वीप का आकार आठ भुजाओं वाला है जहाँ **कल्लदा नदी से पोषित होता है, जो अंतत:** अरब सागर में गिरती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - ऐतिहासिक दृष्टि से यह एक महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र रहा है जो अपने पारंपरिक कॉयर उद्योग के लिये जाना जाता है।

**20. C**

**व्याख्या:**

- चीता ***(एसिनोनिक्स जुबेटस ) फेलिडे फैमिली*** का हिस्सा है और **सबसे पुरानी बड़ी बिल्ली प्रजातियों में से एक है,** जिनका इतिहास **5 मिलियन वर्ष पूर्व के मायोसीन युग** (भू-वैज्ञानिक काल 23.03 से 5.333 मिलियन वर्ष पूर्व) से संबंधित है।
  - ये विश्व **में सबसे तीव्रता से गमन करने वाले स्थलीय स्तनधारी ( जो अफ्रीका** और **एशिया** के कुछ हिस्सों में पाए जाते हैं) हैं।
  - **ये अफ्रीका में अपने ऐतिहासिक क्षेत्र के 75%** से अधिक भाग से लुप्त हो चुके हैं तथा पिछले दो दशकों में इनकी संख्या में 30% से भी अधिक की गिरावट आई है।
    - **विश्व स्तर पर नामीबिया में सबसे अधिक** चीता हैं। चीता स्थानांतरण परियोजना के तहत वर्ष 2022 और 2023 में **नामीबिया तथा दक्षिण अफ्रीका** से चीतों को **भारत** लाया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 2010 से प्रतिवर्ष 4 दिसंबर** को अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन चीता की विलुप्ति को रोकने तथा इसके संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वैश्विक प्रयासों को महत्त्व देने को समर्पित है। **अत: कथन 2 सही है।**

**21. D**

**व्याख्या:**

**भारत में सिख तख्त:**

- **अकाल तख्त:** यह स्वर्ण मंदिर परिसर, अमृतसर, **पंजाब में स्थित है । अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **तख्त श्री केशगढ़ साहिब: हिमाचल प्रदेश के** शिवालिक की तलहटी में स्थित यह गुरु गोबिंद सिंह एवं खालसा की स्थापना से जुड़ा एक ऐतिहासिक स्थल है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब:** बिहार के पटना में स्थित, यह गुरु गोबिंद सिंह का जन्मस्थान है।
- **तख्त सचखंड श्री हज़ूर अबचलनगर साहिब: महाराष्ट्र के** नांदेड़ में स्थित यह 1708 ई. में गुरु गोबिंद सिंह के अंतिम संस्कार का स्थल है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- **तख्त श्री दमदमा साहिब:** पंजाब के तलवंडी साबो में स्थित, यह वह स्थान है जहाँ गुरु गोबिंद सिंह ने सिख धर्मग्रंथ (गुरुग्रंथ साहिब) को अंतिम रूप दिया था।
- अत: कोई भी युग्म सही सुमेलित नहीं है। **अत: विकल्प D सही है।**

**22. B**

**व्याख्या:**

**डॉ. अंबेडकर ने किस प्रकार सामाजिक न्याय का समर्थन किया:**

- **शोषितों के समर्थक:** डॉ. अंबेडकर दलितों, महिलाओं और मज़दूरों के लिये आशा की किरण बनकर उभरे। उन्होंने जाति आधारित भेदभाव को मिटाने और सामाजिक समानता सुनिश्चित करने के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया।

- उनका समर्थन प्रणालीगत बाधाओं को समाप्त करने और हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने तक फैला हुआ था।

- **सशक्तीकरण पहल:** डॉ. अंबेडकर ने हाशिये पर पड़े समूहों के उत्थान के लिये सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन किया, ताकि हाशिये पर पड़े समूहों द्वारा सामना किये गए ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के लिये शिक्षा, रोज़गार और राजनीति में आरक्षण जैसी नीतियों का प्रावधान किया जा सके।
  - **अनुच्छेद 15(4), 16(4) और 334** के तहत आरक्षण शिक्षा, सार्वजनिक रोज़गार, विधायी निकायों और चुनावों में हाशिये के समूहों के लिये प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है।
  - शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने और बहिष्कृत समुदायों को सशक्त बनाने के लिये **बहिष्कृत हितकारिणी सभा (1923) की स्थापना की।**
- **दलितों की आवाज़: दलितों को मंच प्रदान करने और सामाजिक असमानताओं को चुनौती देने के** लिये मूकनायक (मूक नेता) समाचार पत्र की स्थापना की।
- **अग्रणी आंदोलन:** सार्वजनिक जल संसाधनों तक समान पहुँच का समर्थन करते हुए महाड़ सत्याग्रह (1927) सहित ऐतिहासिक आंदोलनों का नेतृत्व किया।
  - वर्ष 1930 में कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन (नासिक सत्याग्रह) का नेतृत्व किया, ताकि पूजा स्थलों पर जाति आधारित प्रतिबंधों को तोड़ा जा सके, जो अस्पृश्यता के खिलाफ एक व्यापक लड़ाई का प्रतीक है।
- **पूना समझौता (1932):** पूना समझौता पर बातचीत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने दलितों के लिये पृथक निर्वाचिका मंडलों के स्थान पर आरक्षित सीटें स्थापित कीं, जिससे उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त हुआ।

**अतः विकल्प B सही है।**

**23. B**

**व्याख्या:**

- **मौर्य कला और वास्तुकला में** स्वदेशी शैलियों और अकेमेनिड प्रभावों का मिश्रण प्रतिबिंबित होता है।
- **चंद्रगुप्त का महल,** जिसकी प्रशंसा मेगस्थनीज़ और फाह्यान ने की थी, मुख्य रूप से लकड़ी का बना था और **पर्सेपोलिस जैसे अचमेनिद महलों से प्रेरित था** (न कि ग्रीको-बैक्ट्रियन वास्तुकला से)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **चुनार से प्राप्त पॉलिश किए गए बलुआ पत्थर से बने अशोक के स्तंभ** , अखंड, चट्टान से काटे गए हैं, और इनमें **शेर और बैल जैसे पशुओं की आकृतियाँ हैं,** जो राज्य की शक्ति का प्रतीक हैं और बौद्ध शिक्षाओं का प्रसार करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- अण्डा (गुंबद) और छत्र (छतरी) जैसे तत्वों वाले स्तूप बौद्ध वास्तुकला के मूल थे, जिनमें सांची (मध्य प्रदेश) और पिपरहवा (उत्तर प्रदेश) के उल्लेखनीय उदाहरण हैं, साथ ही **राजगृह, वैशाली और कपिलवस्तु में बुद्ध के बाद के स्तूप भी हैं। अतः कथन 3 सही है।**

**24. B**

**व्याख्या:**

**उत्तरी अमेरिका की महान झीलें**

- **उत्तरी अमेरिका की महान झीलें- सुपीरियर, मिशिगन, ह्यूरन, एरी और ओंटारियो-** संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा द्वारा साझा की जाने वाली महत्त्वपूर्ण मीठे पानी की झीलें हैं।
- मिशिगन झील को छोड़कर, ये दोनों देशों के बीच एक प्राकृतिक सीमा बनाती हैं। **ये झीलें सेंट लॉरेंस नदी के माध्यम से अटलांटिक महासागर से, तथा इलिनोइस जलमार्ग के माध्यम से मिसिसिपी** नदी बेसिन से जुड़ती हैं। अमेरिकी ग्रेट लेक्स पृथ्वी की सतह के स्वच्छ जल का 21% हिस्सा हैं।

**अतः विकल्प B सही है।**

**25. C**

**व्याख्या:**

- **सरकारी प्रतिभूतियों को प्रायः "रिस्क-फ्री गिल्ट-एज्ड इंस्ट्रूमेंट्स"** के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि ये सरकार के क्रेडिट द्वारा समर्थित होते हैं, जो इन्हें डिफ़ॉल्ट के न्यूनतम जोखिम के साथ अत्यधिक विश्वसनीय बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इन उपकरणों को व्यक्तिगत और संस्थागत निवेशकों दोनों के लिये सुरक्षित निवेश माना जाता है।
- केंद्र सरकार दो मुख्य प्रकार की सरकारी प्रतिभूतियाँ जारी करती है: **ट्रेज़री बिल और बॉण्ड।**

- दूसरी ओर **भारत में राज्य सरकारों को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये केवल बॉण्ड जारी करने की अनुमति है**, न कि ट्रेज़री बिल जारी करने की। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्र द्वारा जारी किये गए ट्रेज़री बिलों की परिपक्वता अवधि कम होती है, जबकि बॉण्डों की परिपक्वता अवधि अधिक होती है।

**26. B**

**व्याख्या:**

**रातापानी टाइगर रिज़र्व:**

- हाल ही में, **रातापानी वन्यजीव अभयारण्य** को आधिकारिक तौर पर **बाघ अभयारण्य** घोषित किया गया है, **जो मध्य प्रदेश का 8वाँ** और **भारत का 57वाँ बाघ अभयारण्य** होगा।
- **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यहाँ 150 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो इसे पक्षी प्रेमियों के लिये एक स्वर्ग बनाती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें भीमबेटका रॉक शेल्टर, एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, और कई ऐतिहासिक स्थल हैं, जो इस क्षेत्र में सांस्कृतिक मूल्य को दर्शाती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**27. A**

**व्याख्या:**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद:**

- उनका जन्म 3 दिसंबर 1884 को जीरादेई, सिवान, बिहार में हुआ था।
- वह गांधीजी के **जाति और अस्पृश्यता** के विचारों से प्रभावित थे और उन्होंने सरल जीवन व्यतीत किया।
- उन्होंने 1920 में स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने के लिये अपना विधिक कॅरियर छोड़ दिया और 1931 में **नमक सत्याग्रह** और 1942 में **भारत छोड़ो आंदोलन** में शामिल होने के कारण कारावास का दंड दिया गया।
- 1934 में **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस** के **बंबई अधिवेशन** की अध्यक्षता की और **1939** में **सुभाष चन्द्र बोस** के इस्तीफे के बाद कॉन्ग्रेस में अध्यक्ष पद ग्रहण किया।
- उन्हें **1946** में **संविधान सभा का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया।

**अत: विकल्प A सही है।**

**28. A**

**व्याख्या:**

- इस योजना में वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक की 4 वर्ष की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये का परिव्यय है, जिसमें 15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (MDoNER)** राज्य सरकारों, पूर्वोत्तर परिषद (NEC) और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के परामर्श से परियोजना चयन, अनुमोदन और निगरानी की देखरेख करेगा, जिसका कार्यान्वयन NEC या केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**29. B**

**व्याख्या:**

- **चीन +1 रणनीति** आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने वाली कंपनियों के लिये एक वैश्विक आर्थिक रणनीति है, जिसे कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने विनिर्माण, उत्पादन और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन के लिये चीन पर अत्यधिक निर्भरता के जवाब में अपनाया है।
- इस रणनीति का उद्देश्य किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता से उत्पन्न होने वाले जोखिम को कम करना है, जो विशेष रूप से भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति शृंखला व्यवधानों के कारण हो सकता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**30. C**

**व्याख्या:**

- पी-तरंगें वह तरंगें हैं जो तीव्र गति से गमन करती हैं तथा ठोस और तरल दोनों परतों से होकर गुजर सकती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- बेनिओफ़ क्षेत्र, अभिसारी सीमाओं पर एक अवतल प्लेट के चारों ओर भूकंपीयता का क्षेत्र है, यह पृथ्वी के मेंटल के अंदर तक फैले हुए हैं, जो अवतलन प्लेटों के विस्तार को दर्शाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

**31. C**

**व्याख्या:**

**पृथ्वी की उत्पत्ति से संबंधित सिद्धांत:**

- नेबुलर परिकल्पना इमैनुअल कांट (Immanuel Kant) द्वारा दी गई थी और लाप्लास (Laplace) द्वारा संशोधित की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसमें माना गया कि ये ग्रह सूर्य से जुड़े एक पदार्थ के बादल द्वारा निर्मित हैं, जो धीरे-धीरे घूर्णन कर रहा था। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1950 में रूस में ओटो श्मिट (Otto Schmidt) और जर्मनी में कार्ल वेइज़ास्कर ने नेबुलर परिकल्पना को संशोधित किया।
  - उनका मानना था कि सूर्य एक **सौर नेबुला से घिरा हुआ** है जिसमें अधिकांशत: हाइड्रोजन, हीलियम और धूल के कण मौजूद हैं।
  - कणों के घर्षण और टकराव के कारण डिस्क के आकार के बादल का निर्माण हुआ तथा अभिवृद्धि की प्रक्रिया के माध्यम से ग्रहों का निर्माण हुआ।

**32. B**

**व्याख्या:**

- अंगामिस, **रेंगमास और कोन्याक जनजातियाँ** पूर्वोत्तर भारत के राज्य **नगालैंड** की मूल निवासी हैं।
- नागालैंड में **17 प्रमुख जनजातियाँ** और कई उप-जनजातियाँ हैं, जिनमें से प्रत्येक की अलग-अलग रीति-रिवाज़, भाषाएँ एवं पहनावा है।
- **1 दिसंबर, 1963** को नगालैंड भारत का **16वाँ राज्य** बना। यह अपने विविध जातीय समूहों के लिये जाना जाता है और इसने **नागा मिर्च (मिर्च) और नागा वृक्ष टमाटर जैसे उत्पादों हेतु मान्यता प्राप्त की है,** जिन्हें **भौगोलिक संकेत (GI) स्थिति के तहत संरक्षित किया गया है** ।

  **अत: विकल्प B सही है।**

**33. B**

**व्याख्या:**

- भारत में प्राचीन जल संचयन प्रणालियों की समृद्ध विरासत है, जो विविध भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप इसकी पारंपरिक प्रथाओं की सरलता और स्थिरता को दर्शाती है।
- **पनाम केनी केरल** की एक पारंपरिक जल संचयन प्रणाली है, जिसमें ताड़ी के तने से बने बेलनाकार कुएँ शामिल हैं, जिन्हें अक्सर पवित्र माना जाता है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **हिमाचल प्रदेश में कुहल्स** सतही जल चैनल हैं, जिनका उपयोग सिंचाई हेतु खेतों तक हिमनदों के पिघले जल को पहुँचाने के लिये किया जाता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- हालाँकि **जल संरक्षण को कृषि और पशु देखभाल के साथ एकीकृत करने वाली प्रणाली 'ज़ाबो' का प्रचलन राजस्थान में नहीं, बल्कि नगालैंड** में है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**34. A**

**व्याख्या:**

- **पश्चिमी घाट** जैवविविधता वाला **हॉटस्पॉट** है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यहाँ 226 मेंढकों समेत लगभग **252 उभयचर प्रजातियाँ** पाई जाती हैं।
- हालाँकि वैश्विक स्तर पर, **40.7%** उभयचर प्रजातियाँ (8,011 प्रजातियाँ) **निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन** और **चिट्रिडिओमाइकोसिस** जैसी बीमारियों के कारण **संकट में हैं। अत: कथन 2 सही है।**
- **लैटेराइट पठारों (लौह और एल्युमीनियम** से समृद्ध समतल शीर्ष वाले भूदृश्य) से निर्मित **पश्चिमी घाट का** निर्माण लाखों वर्ष पूर्व **ज्वालामुखी संचलन** के माध्यम से हुआ था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**35. D**

**व्याख्या:**

**नाइंटी ईस्ट रिज:**

- **परिचय:** नाइंटी ईस्ट रिज एक **रैखिक भूकंपीय रिज/कटक** है। इसका नाम **90 डिग्री अक्षांश पूर्व** के साथ इसके लगभग समानांतर संरेखण के कारण रखा गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह जलमग्न पर्वत श्रृंखला उत्तर में बंगाल की खाड़ी से लेकर दक्षिण में **दक्षिणपूर्व भारतीय रिज (SEIR) तक लगभग 5,000 किलोमीटर** तक विस्तृत है।

- नाइंटी ईस्ट रिज के उत्तरी भाग में **विशाल ज्वालामुखी हैं**, दक्षिणी भाग ऊँचा और सतत् है तथा मध्य भाग में **छोटे समुद्री पर्वत एवं सीधे खंड शामिल हैं।**

- **नाइंटी ईस्ट रिज का निर्माण:** यह अधिक व्यापक रूप से स्वीकृत सिद्धांत है, जिसे **हॉटस्पॉट सिद्धांत कहते हैं,** कुछ भूवैज्ञानिक इस **रिज के निर्माण का श्रेय केर्गुएलन हॉटस्पॉट को देते हैं।**
- जैसे ही **इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट** उत्तर की ओर बढ़ी अर्थात् इस हॉटस्पॉट के ऊपर से गुज़री, जिसके परिणामस्वरूप रिज का निर्माण हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **विवर्तनिकी प्लेट की सीमाओं के पुनर्गठन** के कारण निर्माण प्रक्रिया थम गई, हालाँकि इस सिद्धांत की पुष्टि के लिये आगे अनुसंधान जारी है।
- **संरचना: यह मुख्य रूप से ओसियन आईलैंड थोलेइट्स (OIT)** से बना है, जो एक प्रकार की **उप-क्षारीय बेसाल्ट चट्टान है। अतः कथन 3 सही है।**
  - नाइंटी ईस्ट रिज के दक्षिणी भाग की चट्टानें उत्तरी भाग (81.8 मिलियन वर्ष) की तुलना में अधिक युवा (43.2 मिलियन वर्ष) हैं।

**36. C**

**व्याख्या:**

**इंडियन स्टार टॉरटॉइज़ (Geochelone Elegans):**

- **आवास स्थल:** यह **भारतीय उपमहाद्वीप का स्थानिक** होने के साथ **उत्तर-पश्चिमी भारत, दक्षिण भारत तथा श्रीलंका के** शुष्क घास के मैदानों एवं सवाना क्षेत्रों में मिलता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **संरक्षण स्थिति:** IUCN रेड लिस्ट में **सुभेद्य** तथा **CITES के परिशिष्ट I** के अंतर्गत सूचीबद्ध। **अतः कथन 2 सही है।**
- खतरा: वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अनुसार, स्टार टॉरटॉइज़ का 90% व्यापार इंटरनेशनल पेट मार्केट के हिस्से के रूप में होता है।

**37. B**

**व्याख्या:**

- **प्रतिवर्ष 10 दिसंबर** को मनाया जाने वाला **मानवाधिकार दिवस**, न्याय के आधार के रूप में मानवाधिकारों के महत्त्व पर प्रकाश डालता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2006 में स्थापित संयुक्त **राष्ट्र मानवाधिकार परिषद** अपने 47 सदस्य देशों (भारत सहित) के माध्यम से वैश्विक मानवाधिकार संरक्षण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) का सदस्य है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**38. A**

**व्याख्या:**

**चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड):**

- **चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड)** एक रणनीतिक मंच है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
  - क्वाड का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा को मज़बूत करना, **चीन की आक्रामकता का मुकाबला करना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना तथा समुद्री सुरक्षा** में सुधार करना है।
- **उत्पत्ति:** क्वाड की उत्पत्ति **वर्ष 2004 की हिंद महासागर सुनामी** के बाद हुई जहाँ अमेरिका, जापान, भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने मानवीय सहायता प्रदान की थी।
- इसे औपचारिक रूप से **वर्ष 2007 में जापान के प्रधानमंत्री शिंज़ो अबे** द्वारा स्थापित किया गया था, **लेकिन वर्ष 2008 में यह निष्क्रिय** हो गया था। चीन के प्रभाव के प्रति क्षेत्रीय दृष्टिकोण में बदलाव के बीच वर्ष 2017 में इस समूह को पुनर्जीवित किया गया और वर्ष 2021 में इसका **पहला औपचारिक शिखर सम्मेलन** हुआ। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **कार्य:** यह शिखर सम्मेलनों, संयुक्त सैन्य अभ्यासों एवं आर्थिक पहलों के माध्यम से कार्य करता है।
- **हालाँकि यह एक सामान्य बहुपक्षीय संगठन की तरह संरचित नहीं है,** और इसमें सचिवालय तथा कोई स्थायी निर्णय लेने वाली संस्था (जैसे यूरोपीय संघ या संयुक्त राष्ट्र) का अभाव है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**39. C**

**व्याख्या:**

- **परियोजना NAMAN और SAMBANDH भारतीय सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण और सहायता** पर केंद्रित पहल हैं:

नोट :

- **परियोजना NAMAN:** इसका उद्देश्य **सेवानिवृत्त सैनिक के लिये पेंशन सेवाओं को सरल बनाना,** जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने तथा पेंशन संवितरण जैसी सेवाओं तक आसान पहुँच सुनिश्चित करना है।
- **परियोजना SAMBANDH**, एक व्हाट्सएप-आधारित चैटबॉट है, जो भूतपूर्व सैनिकों को आसानी से शिकायत दर्ज करने और उसका समाधान करने में मदद करता है। इस प्लेटफॉर्म ने एक वर्ष से भी कम समय में 1,700 से अधिक मामलों को सुलझाने में मदद की है।

- इन कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल शहीद सैनिकों के बलिदान को याद करना है, बल्कि उनके परिवारों, विशेष रूप से युद्ध में विकलांग हुए सैनिकों और **युद्ध विधवाओं (वीर नारियों) के योगदान को भी याद करता है। अतः विकल्प C सही है।**

40. B

**व्याख्या:**

- भारत में मृत्युदंड भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 और अन्य विशेष विधियों के विभिन्न प्रावधानों द्वारा शासित है।
- भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से **मृत्युदंड को असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है। अतः कथन 1 सही है।**
  - हालाँकि, जैसा कि ***बच्चन सिंह बनाम पंजाब राज्य (1980)*** में रेखांकित किया गया है, सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे मामलों के लिये 5 श्रेणियाँ निर्धारित की हैं, जिनमें **क्रूर हत्या, दुराचारी आशय** और **बड़े पैमाने के अपराध शामिल** हैं, जिनमें मृत्युदंड दिया जाता है।
- **दया याचिका** मृत्युदंड या कारावास की सज़ा पाए किसी व्यक्ति द्वारा राष्ट्रपति या राज्यपाल, जैसा भी मामला हो, से दया की मांग करते हुए **किया गया औपचारिक अनुरोध है।**
  - भारत में संवैधानिक ढाँचे के अनुसार, राष्ट्रपति के पास दया याचिका एक दोषी का अंतिम संवैधानिक उपाय है, जिसका अनुरोध वह (दोषी) तब कर सकता है जब उसे किसी न्यायालय द्वारा दंड दिया जाता है।
- एक दोषी भारत के संविधान के अनुच्छेद 72 **के तहत भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका प्रस्तुत** कर सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रपति को, किसी अपराध के लिये सिद्धदोष ठहराए गए किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, उसका प्रविलंबन, विराम या परिहार करने की अथवा दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की शक्ति है।
- यह शक्ति उन सभी मामलों में निहित है जिनमें दंड या दंडादेश सेना न्यायालय ने दिया है। **अतः कथन 3 सही है।**

41. C

**व्याख्या:**

**भारत में धर्मार्थ संगठनों को नियंत्रित करने वाले कानून**

- **आयकर अधिनियम, 1961:** इसके तहत धर्मार्थ दान के लिये **कर छूट** प्रदान करने के साथ "धर्मार्थ उद्देश्यों" को परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारतीय संविधान (अनुच्छेद 19(1)(c)):** इसके तहत नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक संगठन या समूह बनाने की स्वतंत्रता दी गई है।
- **भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882:** इसके तहत निजी धर्मार्थ ट्रस्टों को नियंत्रित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860:** इसके तहत धर्मार्थ सोसायटियों को विनियमित किया जाता है।
- **कंपनी अधिनियम, 1956 (धारा 25):** इसमें **गैर-लाभकारी कंपनियों** को धर्मार्थ संस्था के रूप में कार्य करने की अनुमति दी गई है।
- **विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010:** इसके तहत धर्मार्थ संगठन विदेशी धन प्राप्त कर सकते हैं लेकिन उन्हें **विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 (FCRA)** के तहत पंजीकृत होना आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दान का उपयोग वैध एवं गैर-राजनीतिक उद्देश्यों के लिये किया जाए। **अतः कथन 3 सही है।**

42. D

**व्याख्या:**

- **ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF)** तब होती है जब हिमनद झील का बाँध टूट जाता है, जिससे बड़ी मात्रा में जल निकलता है, जो प्रायः ग्लेशियर के तीव्रता से पिघलने या भारी वर्षा के कारण होता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- ये बाढ़ें ग्लेशियर के आयतन में परिवर्तन, झील के जल स्तर में उतार-चढ़ाव और भूकंप के कारण उत्पन्न हो सकती हैं।
  - राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण हिन्दू कुश हिमालय में हिमनदों के पिघलने से कई नई हिमनद झीलें बन गई हैं, जिसके कारण GLOF उत्पन्न हुए हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत में GLOF के मामले**
  - जून 2013 में उत्तराखंड में सामान्य से अधिक वर्षा हुई थी, जिसके कारण चोराबाड़ी ग्लेशियर पिघल गया था और मंदाकिनी नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई थी।
  - अगस्त 2014 में लद्दाख के ग्या गाँव में एक हिमनद झील के फटने से बाढ़ आई थी।
  - अक्तूबर 2023 में, राज्य के उत्तर-पश्चिम में 17,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक झील, एक हिमनद झील, लगातार वर्षा के परिणामस्वरूप टूट गई। **अत: कथन 3 सही है।**

**43. D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG) की स्थापना **वर्ष 2014** में भारत सरकार द्वारा **कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के** तहत एक **स्वायत्त संस्थान** के रूप में की गई थी।
  - **यह राष्ट्रीय प्रशासनिक अनुसंधान संस्थान (NIAR)** से विकसित हुआ है, जिसकी स्थापना **वर्ष 1995 में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (LBSNAA)** द्वारा की गई थी।
  - NIAR को बाद में एकीकृत करने के साथ इसका नाम बदलकर NCGG कर दिया गया, जो भारत एवं **20 से अधिक देशों के सिविल सेवकों को प्रशिक्षित** करने पर केंद्रित है। इसमें **शासन सुधार, डिजिटल इंडिया, SVAMITVA, SDG** तथा आयुष्मान भारत जैसे विविध विषय शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- मसूरी स्थित राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG) में श्रीलंकाई सिविल सेवकों हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम का छठा संस्करण शुरू हुआ। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस कार्यक्रम में श्रीलंका के 40 सिविल सेवकों ने भाग लिया जिसमें शासन, **नीतिगत रूपरेखा, शासन में AI तथा लोक प्रशासन** में भारत के सफल मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**44. B**

**व्याख्या:**

- **हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFC) और हाइड्रोक्लोरोफ्लोरो-कार्बन (HCFC) को क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) के विकल्प** के रूप में 1990 के दशक में प्रस्तुत किया गया था, क्योंकि CFC में ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाने की उच्च क्षमता थी, जिसने अंटार्कटिका पर ओज़ोन छिद्र की घटना में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था।
- **क्लोरोफ्लोरोकार्बन में उच्च ओज़ोन-क्षयकारी क्षमता और उच्च वैश्विक वार्मिंग क्षमता** दोनों हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **हाइड्रोफ्लोरोकार्बन में ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाने की क्षमता शून्य है,** लेकिन फिर भी वे ग्लोबल वार्मिंग में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- दूसरी ओर **हाइड्रोफ्लोरोओलोफिन्स (HFO) शून्य ओज़ोन-क्षयकारी क्षमता और बहुत कम ग्लोबल वार्मिंग** क्षमता वाले फ्लोरोकेमिकल्स के एक नए वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो पर्यावरणीय लक्ष्यों के साथ बेहतर ढंग से संरेखित होते हैं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

**45. C**

**व्याख्या:**

- **एक्स्ट्राक्रोमोसोमल DNA (ecDNA)** तब बनता है जब **DNA के खंड गुणसूत्रों से अलग हो जाते हैं,** जो अक्सर क्रोमोथ्रिप्सिस (क्रोमोसोमल बिखराव और पुनर्व्यवस्था) या DNA प्रतिकृति में त्रुटियों के कारण होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पारंपरिक गुणसूत्री DNA के विपरीत, ecDNA नाभिक के भीतर स्वतंत्र रूप से मौजूद रहता है तथा वृत्ताकार संरचनाओं में जीनों को समूहीकृत कर सकता है।
- **यह आमतौर पर कैंसर कोशिकाओं में पाया जाता है,** जहाँ यह ट्यूमर के विकास, अनुकूलनशीलता और उपचारों के प्रति प्रतिरोध में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- इसकी अनूठी विशेषताओं में से एक **ऑन्कोजीन की कई प्रतियाँ हो सकती है,** जो कैंसर के विकास को बढ़ावा देने वाले जीन हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
  - ये विशेषताएँ ecDNA को कैंसर कोशिकाओं की आनुवंशिक विविधता और लचीलेपन में एक प्रमुख योगदानकर्त्ता बनाती हैं। **अतः तीनों कथन सही हैं।**

**46. A**

**व्याख्या:**

- **सी. राजगोपालाचारी** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख नेता और स्वतंत्रता के बाद के युग में एक प्रमुख व्यक्ति थे।
- वर्ष 1930 में **दांडी मार्च के दौरान** राजगोपालाचारी ने मद्रास प्रांत में तिरुचि से वेदारण्यम तक नमक मार्च का नेतृत्व किया (जिसे **वेदारण्यम सत्याग्रह** के रूप में भी जाना जाता है)।
  - **वेदारण्यम सत्याग्रह** के दौरान उनकी गिरफ्तारी के साथ ही उन्हें **स्वतंत्रता आंदोलन** में एक नेता के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।
- राजगोपालाचारी **स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल थे** और बाद में उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में कार्य किया।
- उन्होंने सामाजिक सुधारों को लागू करने, खादी को बढ़ावा देने और सामाजिक समानता की वकालत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- उन्होंने **रामायण का तमिल में अनुवाद भी किया, जिसका शीर्षक चक्रवर्ती थिरुमगन** था।

  **अतः विकल्प A सही है।**

**47. B**

**व्याख्या:**

- INS तुशील, रूसी द्वारा डिज़ाइन वाली परियोजना 1135.6 का उन्नत क्रिवाक III श्रेणी का फ्रिगेट है, जो उन्नत हथियारों से सुसज्जित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- INS तुशील **ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, एँटी सब-मरीन टॉरपीडो** और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से सुसज्जित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे **वायु, सतह, जल के नीचे** और विद्युत चुंबकीय आयामों में **ब्लू वाटर ऑपरेशन** के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**
- जो **भारत के सागर (क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास)** के साथ संरेखित है, जिससे **हिंद महासागर क्षेत्र (IOR)** में स्थिरता सुनिश्चित होती है।

**48. C**

**व्याख्या:**

**उपकर:**

- **उपकर** एक प्रकार का कर है जो किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिये लगाया जाता है। यह **कर पर कर** है, जो उत्पाद शुल्क **या** आयकर जैसे मौजूदा कर के अतिरिक्त लगाया जाता है, तथा प्राप्त राजस्व को किसी **विशेष उपयोग के लिये निर्धारित** किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- उपकर आमतौर पर एक **विशिष्ट समयावधि** के लिये लगाया जाता है, या जब तक सरकार निर्दिष्ट उद्देश्य के लिये पर्याप्त धनराशि एकत्र नहीं कर लेती। **अतः कथन 2 सही है।**
- उपकरों को संविधान में **अनुच्छेद 277** और **अनुच्छेद 270** (जो संघ और राज्यों के बीच राजस्व-साझाकरण ढाँचे को रेखांकित करता है) के तहत मान्यता दी गई है।
  - **उदाहरण: शिक्षा उपकर** (प्राथमिक शिक्षा के वित्तपोषण के लिये), **स्वच्छ भारत उपकर** (स्वच्छता पहल के लिये), और **ईंधन उपकर** (सड़क विकास के लिये)।

**49. A**

**व्याख्या:**

**भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI):**

- **RBI अधिनियम, 1934 की धारा 7:** सरकार, **RBI अधिनियम की धारा 7** के तहत, सार्वजनिक हित में RBI को निर्देश दे सकती है, लेकिन इसके उचित उपयोग न होने से RBI की स्वायत्तता को कम करने के बारे में चिंता जताई गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- RBI **बॉण्ड** से आय अर्जित करता है **और अधिशेष का एक हिस्सा आकस्मिक निधि और परिसंपत्ति रिज़र्व** जैसे बफर के लिये रखता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**50. D**

**व्याख्या:**

- लेसन अल्बाट्रॉस एक बड़ा पक्षी है जिसका प्रजनन क्षेत्र हवाई में केंद्रित है।
- सभी अल्बाट्रॉस की तरह ये गतिशील उड़ान के साथ लंबी दूरी तय करने में कुशल हैं। ये मुख्य रूप से रात में तथा ब्रीडिंग कॉलोनियों से दूर भोजन (फीडिंग) करते हैं। **नेशनल ओशनिक एँड एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन** के अनुसार, लेसन अल्बाट्रॉस का औसत जीवनकाल आमतौर पर **लगभग 68 वर्ष** होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **स्नोई अल्बाट्रॉस** या **वांडरिंग अल्बाट्रॉस** (*Diomedea exulans*) पंखों के फैलाव के संदर्भ में सबसे बड़ा उड़ने वाला समुद्री पक्षी है। **IUCN रेड लिस्ट** में **संरक्षण की स्थिति संवेदनशील** है। **अतः कथन 2 सही है।**

**51. C**

**व्याख्या:**

- यह **एशिया और यूरोप के बीच, काकेशस पर्वतमाला के पूर्व में** और मध्य एशियाई मैदान के पश्चिम में स्थित है। इसकी सीमा रूस (उत्तरपश्चिम), अज़रबैजान (पश्चिम), ईरान (दक्षिण), तुर्कमेनिस्तान (दक्षिणपूर्व) और कज़ाकिस्तान (उत्तरपूर्व) से लगती है।
- कैस्पियन सागर कभी प्रागैतिहासिक समुद्र का हिस्सा था जिसे **पैराटेथिस के नाम** से जाना जाता था। **भूमि को ऊपर उठाने वाली टेक्टोनिक शक्तियों और** समुद्र के स्तर में गिरावट के कारण 5 मिलियन वर्ष से भी अधिक पहले **कैस्पियन सागर ज़मीन से** घिरा हुआ था।
- तकनीकी रूप से यह एक झील है, क्योंकि यह समुद्र से सीधे संपर्क के बिना भूमि से घिरा हुआ है। यह **विश्व का सबसे बड़ा अंतर्देशीय जल निकाय** है।
  - यह तीन प्रमुख नदियाँ **वोल्गा, यूराल और टेरेक** कैस्पियन में गिरती हैं। अपतटीय और तटीय क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण तेल और प्राकृतिक गैस भंडार हैं। कैस्पियन सागर **विश्व के अधिकांश कैवियार (विभिन्न बड़ी मछलियों के अंडे) के उत्पादन** के लिये जाना जाता है।

**अतः विकल्प C सही है।**

**52. B**

**व्याख्या:**

- **ज्वालामुखी पर्वत** पृथ्वी की सतह से मैग्मा के विस्फोट से बनते हैं, जिससे हवाई और फिजी जैसी चोटियाँ बनती हैं।
- हिमालय **ज्वालामुखी पर्वत नहीं हैं, बल्कि तहदार पर्वत हैं, जो** भारतीय और यूरेशियन प्लेटों जैसी टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव और तह से बने हैं। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **एंडीज जैसे फोल्ड पर्वत** वास्तव में टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव और तह से बनते हैं, जैसे कि दक्षिण अमेरिकी प्लेट के नीचे नाज़का प्लेट का सबडक्शन। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **ब्लॉक पर्वत,** जैसे **सिएरा नेवादा,** पृथ्वी की पपड़ी के बड़े खंडों के फॉल्टिंग और मूवमेंट से बनते हैं, जिससे उभरे हुए या गिरे हुए हिस्से बनते हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

**53. C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस**

- **परिचय:** प्रतिवर्ष 11 **दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस (International Mountain Day)** के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **वर्ष 2003** में एक प्रस्ताव पारित करके की थी। विश्व भर में मौजूद पहाड़ प्रकृति के अहम अंग हैं, पहाड़ों का संरक्षण करते हुए सतत् विकास को प्रोत्साहित करना तथा पर्वतों के महत्त्व को रेखांकित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **खाद्य एवं कृषि संगठन (Food and Agriculture Organization- FAO)** इस अनुष्ठान के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- **विषय 2024:** "एक सतत् भविष्य के लिये पर्वतीय समाधान - नवाचार, अनुकूलन और युवा"। **अतः कथन 2 सही है।**
- **पर्वतों का महत्त्व: पर्वत पृथ्वी की सतह के** लगभग पाँचवें भाग को कवर करते हैं और **विश्व की 15% जनसंख्या का आवास स्थान हैं** तथा विश्व के आधे जैव विविधता वाले स्थल भी यहीं स्थित हैं।

नोट :

- **यह "वाटर टावर्स"** के रूप में कार्य करते हुए आधी मानवता के लिये आवश्यक शुद्ध जल की आपूर्ति करते हैं तथा कृषि, **स्वच्छ ऊर्जा** और स्वास्थ्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करते हैं।
- पहाड़ पारिस्थितिकीय निधि हैं जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता है। इनके बिना कई देशों की भूमि शुष्क और बंजर हो जाएगी। इनका संरक्षण सतत् विकास का उपाय है।

**54. B**

**व्याख्या:**

- विशेष अनुमति याचिका (SLP) एक **विवेकाधीन अपील तंत्र है** ( भारतीय संविधान का अनुच्छेद 136 ) जो **सर्वोच्च न्यायालय को** किसी भी न्यायालय या न्यायाधिकरण के निर्णयों, डिक्री या आदेशों के **विरुद्ध अपील** सुनने की अनुमति देता है।
- सशस्त्र बलों से संबंधित मामलों को छोड़कर भारत में किसी भी न्यायालय या न्यायाधिकरण के किसी भी निर्णय, डिक्री या आदेश के विरुद्ध SLP दायर की जा सकती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत अपील के लिये विशेष अनुमति देने या अस्वीकार करने का विवेकाधीन अधिकार सर्वोच्च न्यायालय के पास है। **अतः कथन 2 सही है।**

**55. A**

**व्याख्या:**

- जीन थेरेपी एक मरीज के DNA (डीऑक्सी-राइबो न्यूक्लिक एसिड) में त्रुटि के स्रोत को ठीक करके आनुवंशिक रोगों का इलाज करने का एक तरीका है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - जीन रिप्लेसमेंट थेरेपी में **दोषपूर्ण जीन को** जीन की स्वस्थ प्रतिलिपि से बदलना शामिल है, **न कि उसकी अभिव्यक्ति को बाधित करना** ताकि अंतर्निहित आनुवंशिक दोष को ठीक करके रोग की प्रगति को रोका जा सके। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- CRISPR-Cas9 जैसी जीन संपादन तकनीक आनुवंशिक सामग्री के सटीक संशोधन की अनुमति देती है। **अतः कथन 3 सही है।**